हरिभूमि
# सरगुजा-कोरिया भूमि
बिलासपुर, शनिवार, 23 अगस्त 2025



तापमान

अधिकतम 34 डिग्री

न्यूनतम 21 डिग्री

2 ग्राम पंचायत सलका स्थित प्राथमिक पाठशाला प्रधान पाठक के भरोसे संचालित






## जनसेवा से शुरु होती है राजेश की दिनचर्या, अब दोगुनी ऊर्जा से करेंगे सेवा : सुनीता

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर/लखनपुर

पर्यटन मंत्री राजेश अग्रवाल की धर्म पत्नी श्रीमती सुनीता अग्रवाल ने कहा कि क्षेत्र के मतदाताओं के दुख-सुख में सहभागी बनना एवं उनके सतत संपर्क में रहना आवश्यक है। जनता की अपेक्षा रहती है कि उसकी समस्या का त्वरित निवारण हो।

अपने आवास में हरिभूमि से चर्चा करते हुए श्रीमती सुनीता ने कहा कि राजेश अग्रवाल राजनीति में आने के पूर्व से ही अपने क्षेत्र के लोगों से सतत संपर्क में रहे हैं तथा उनके सुख-दुख में नियमित भागीदारी करते रहे हैं। जरूरतमंद लोगों की सेवा उनकी प्रमुख रुचि है। क्षेत्र के लोगों से उनका ऐसा अपनापन है सुबह घर का दरवाजा खुलने के साथ ही क्षेत्र के लोग अपनी समस्याएं लेकर पहुंचने लगते हैं। लोगों की समस्याओं का निराकरण करने के बाद ही वे स्नान कर अपनी नियमित पूजा करने के उपरांत ही घर से बाहर निकलते हैं। जनता का यह विश्वास एवं उनके चेहरे की मुस्कान ही हमारी वास्तविक ताकत है। वे कहती हैं श्री अग्रवाल के मंत्री बनने पर इतनी खुशी हुई कि उसका बयान शब्दों में नहीं कर सकती। मंत्री बनने के बाद अब वे दोगुनी ऊर्जा से क्षेत्र के लोगों की सेवा करेंगे।

पति की राजनीति में अपनी भागीदारी के संबंध में श्रीमती सुनीता अग्रवाल कहती हैं कि मैं हर कदम पर उनका साथ निभाती हूं और उनकी हर बात का सम्मान करती हूं। वे धार्मिक हैं एवं सादगी पसंद हैं। अपने पिता स्व.चांदीराम अग्रवाल की प्रेरणा से अनवरत जरूरतमंदों को कंबल, स्वेटर एवं कपड़े बांट रहे हैं जिसमें परिवार के सभी सदस्य भागीदारी करते हैं। कुछ दिनों पूर्व ही उन्होंने स्कूली बच्चों के लिए कपड़े और वाटर बोतल मंगाई है तथा परिवार के सदस्यों के साथ गांव-गांव जाकर जरूरतमंद बच्चों को इसे वितरित कर रहे हैं। उनके बड़े भाई विजय अग्रवाल भी लंबे समय से राजनीति में है। राजेश अग्रवाल वर्ष 2002 में ग्राम पंचायत कुंवरपुर के उपसरपंच पद से अपनी राजनीतिक जीवन की शुरूआत की तथा वर्ष 2014 में नपं लखनपुर के अध्यक्ष निर्वाचित हुए। इस दौरान कांग्रेस छोड़कर उन्होंने भाजपा की सदस्यता ली तथा वर्ष 2023 में अम्बिकापुर विधानसभा क्षेत्र से विधायक निर्वाचित हुए। प्रदेश सरकार ने उन्हें पर्यटन मंत्री की जिम्मेदारी देकर क्षेत्रवासियों का मान बढ़ाया है। राजनीति में आने की बात पर वे कहती हैं कि अभी ऐसी कोई योजना नहीं है। भविष्य में समय तय करेगा कि क्या करना है। वें बताती हैं कि प्रारंभ से ही परिवार का माहौल धार्मिक होने के कारण सभी सदस्य सेवाभावी हैं तथा पूजा-पाठ एवं सेवाकार्यों में उनके साथ जुड़े रहते हैं। पुत्र राहुल अग्रवाल एवं पुत्री आकृति अग्रवाल भी अपने पिता के सेवा कार्यों को पसंद करते हैं तथा इस कार्य में अपनी सक्रिय भूमिका भी निभाते हैं।



हरिभूमि से चर्चा करती श्रीमती सुनीता अग्रवाल।



परिवार के साथ कैबिनेट मंत्री राजेश अग्रवाल।

## खबर संक्षेप

### ग्राम उत्कर्ष अभियान हेतु जिपं सीईओ नोडल अधिकारी

**अम्बिकापुर।** आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग रायपुर द्वारा जारी निर्देश के परिपालन में धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान वर्ष 2024-25 अंतर्गत जिला सरगुजा के 416 चिन्हित जनजाति बाहुल्य ग्रामों में योजना के सफल क्रियान्वयन हेतु जिला स्तर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी विनय कुमार अग्रवाल को नोडल अधिकारी नामित किया गया है। वहीं विकासखण्ड अम्बिकापुर हेतु अम्बिकापुर जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी राजेश सिंह सेंगर, विकासखण्ड लुण्ड्रा हेतु जनपद पंचायत लुण्ड्रा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुश्री प्रीति भगत, विकासखण्ड बतौली हेतु जपं बतौली के सीईओ लक्ष्मी नारायण सिदार, विकासखण्ड सीतापुर हेतु जपं सीतापुर के सीईओ सुश्री खुशबू शास्त्री, विकासखण्ड मैनपाट हेतु जपं मैनपाट के मुख्य कार्यपालन अधिकारी कुबेर सिंह उरेती, विकासखण्ड लखनपुर हेतु जनपद पंचायत लखनपुर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. स्वेच्छा सिंह एवं विकासखण्ड उदयपुर हेतु जनपद पंचायत उदयपुर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी वेद प्रकाश गुप्ता नोडल अधिकारी होंगे।

### आयुष्मान कार्ड से राशि आहरित करने निजी अस्पताल संचालक चला रहे रैकेट, फर्जीवाड़े का हुआ खुलासा

## सरगुजा में चल रहा फर्जी तरीके से मरीज बनाने का खेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

आम नागरिकों को बेहतर उपचार सुविधा उपलब्ध कराने के लिए चलाई जा रही शासन की आयुष्मान भारत योजना में निजी अस्पताल किस कदर फर्जीवाड़ा कर रहे हैं इस बात का खुलासा हुआ है।

निजी अस्पताल संचालक अपने एजेंट के जरिए लोगों को लालच देकर अस्पताल लाते हैं और उनके आयुष्मान कार्ड के जरिए फर्जी तरीके से अस्पताल में गंभीर बीमारियों के नाम पर भर्ती कर उनके खाते से रुपए आहरित कर रहे हैं। इतना ही नहीं इस काम के लिए वे कार्डधारक को एक-एक हजार रुपए का ⏭ शेष पेज 4 पर



निजी अस्पताल।

### ठगी का एहसास होने पर किया विरोध

अस्पताल प्रबंधन द्वारा की जा रही इस धोखाधड़ी के शिकार सारंग और उमाशंकर ने बताया कि उन्हें अस्पताल के एजेंट के द्वारा झांसा दिया गया था लेकिन उन्हें इस बात की जानकारी हुई कि उनके आयुष्मान कार्ड का गलत उपयोग हुआ है तो वे दूसरी बार अस्पताल नहीं जा रहे थे। ऐसे में अस्पताल के एजेंट और प्रबंधन के लोगों द्वारा उन्हें फोन कर धमकी दी गई।

### इस तरह होता है फर्जीवाड़ा

पड़ताल में यह बात सामने आई है कि धोखे से अस्पताल लाए गए हितग्राहियों को जबरन बीमार बताकर अस्पताल में भर्ती कर आधार कार्ड के जरिए उनके आयुष्मान खाते के लिए अंगूठा लगवाया जाता है और फिर बिस्तर में लिटाकर फोटो खींची जाती है। फोटो लेने के बाद उन्हें एक हजार रुपए नकद देने के बाद वापस घर तक छोड़ा जाता है। इतना ही नहीं एक सप्ताह या दस दिनों के बाद फिर से उसी व्यक्ति को अस्पताल बुलाया जाता है और उसका अंगूठा लगाया जाता है और इस दौरान मरीज को डिस्चार्ज दिखाया जाता है। इस समय भी मरीज को एक हजार रुपए दिया जाता है। इससे भी बड़ी बात तो यह है कि अस्पताल प्रबंधन लोगों को बरगलाता है कि अगर वे और भी लोगों को अस्पताल लेकर आते हैं तो उन्हें भी अलग से कमीशन दिया जाएगा।

### हर महीने का कोटा

इस हॉस्पिटल के एजेंट से भी प्रभावित व्यक्ति के जरिए बात की गई और यह जानने का प्रयास किया गया कि और भी लोग हैं जो अपना आधार कार्ड देना चाहते हैं इस पर एजेंट ने बताया कि इस महीन का कोटा पैक हो चुका है। इस बात से ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि निजी अस्पताल में किस कदर शासन की योजना का गलत उपयोग कर करोड़ों रुपए की कमाई ये मेडिकल माफिया कर रहे हैं।

### जांच के बाद होगी कार्रवाई



यह मामला बेहद गंभीर है। सूचना मिलने के बाद इस मामले की जांच के लिए आयुष्मान नोडल अधिकारी के नेतृत्व में जांच टीम का गठन किया गया है। इसके साथ ही सीएमएचओ को निर्देश दिये गए हैं कि अस्पताल में नर्सिंग होम एक्ट के पालन की भी गंभीरता से जांच की जाए। जांच के बाद कड़ी कार्रवाई की जाएगी। शासन की कल्याणकारी योजनाओं में इस तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी।

-डॉ. अनिल कुमार शुक्ला
संयुक्त संचालक स्वास्थ्य सेवाएं

### आश्रम/छात्रावासों के लिए चयनित महिला अभ्यर्थी की ज्वाइनिंग 1 सितंबर से

**बलरामपुर।** नगर सेना विभाग के 1715 महिला नगर सैनिकों (छात्रावास ड्यूटी) तथा 500 नगर सैनिकों (जनरल ड्यूटी) के रिक्त पदों पर भर्ती का अंतिम परिणाम 8 अगस्त को जारी किया गया है। इस संबंध में जिला सेनानी नगर सेना बलरामपुर के द्वारा जानकारी दी गई है कि जिले में आश्रम छात्रावास के लिए चयनित हुई महिला अभ्यर्थियों को ज्वाइनिंग 1 सितंबर से 10 सितंबर तक कार्यालय नगर सेना बलरामपुर में लिया जाएगा। साथ ही ज्वाइनिंग लेने के पश्चात 15 सितंबर से बेसिक बुनियादी प्रशिक्षण भी प्रारंभ किया जाएगा। ज्वाइनिंग के समय चयनित महिला अभ्यर्थी अपने समस्त शैक्षणिक प्रमाण पत्रों की मूल प्रति एवं 1 सेट छायाप्रति लेकर उपस्थित होवें। साथ ही चिकित्सकीय प्रमाण पत्र तथा पुलिस चरित्र सत्यापन के समय अयोग्य पाये जाने पर सेवा से पृथक कर दिया जाएगा। इस संबंध में शपथ पत्र भी लाना अनिवार्य होगा।



**खबर संक्षेप**



## कलेक्टर ने खेतों में पहुंचकर डिजिटल फसल सर्वेक्षण का लिया जायजा

**बिश्रामपुर।** कलेक्टर एस जयवर्धन ने आज शुक्रवार को जिले के ग्राम कुरुवां और केशवनगर के खेतों में पहुंचकर डिजिटल फसल सर्वेक्षण कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने मौजूद राजस्व अधिकारीयों से कहा कि खरीफ वर्ष 2025-26 के अंतर्गत लगाए गए फसलों का डिजिटल सर्वेक्षण गुणवत्तापूर्ण किया जाना चाहिए,इस दौरान कलेक्टर ने सभी राजस्व अधिकारियों को सतत निगरानी रखने तथा निर्धारित तिथि तक सर्वेक्षण कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं,इस अवसर पर सूरजपुर एसडीएम श्रीमती शिवानी जायसवाल व अन्य राजस्व अमला मौजूद रहे।कलेक्टर ने कहा कि जिले के सभी एसडीएम और तहसीलदार प्राथमिकता से अधिक से अधिक प्लॉट्स का सर्वे पूरा करवाएं ताकि अधिक से अधिक किसान इस प्रक्रिया से लाभान्वित हो सकें, उन्होंने अधिकारियों को प्रतिबद्धता के साथ कार्य करने की आवश्यकता पर जोर दिया,इसी क्रम में उप तहसील पिलखा के ग्राम सतपता एवं जयनगर के अलावा ग्राम गोविंदपुर,रामानुजनगर,भटगांव,बिहारपुर पासल,उप तहसील जरही का ग्राम मरहटा,ग्राम धनेशपुर, प्रतापपुर, कुंजनगर तथा सलका तहसील प्रेमनगर में भी डिजिटल फसल सर्वेक्षण कार्य का निरीक्षण किया गया।उक्त कार्यवाही के दौरान नायब तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक, पटवारी,सर्वेयर एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## हाइवा की टक्कर से बाइक सवार दो युवक घायल

**प्रतापपुर।** धंधापुर निवासी दो युवक बाइक क्रमांक सीजी 15 ईडी 77113 से अंबिकापुर की ओर जा रहे थे। जैसे ही बाइक सवार खड़गवां मुख्य मार्ग पर पहुंचे तभी एसईसीएल कंपनी में चल रहे हाइवा क्रमांक सीजी 15 ईसी 3755 के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। दुर्घटना में बाइक सवार दोनों युवक घायल हो गए। घायलों को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां चिकित्सकों ने एक युवक की हालत गंभीर होने पर रेफर कर दिया। क्षेत्र के लोगों का कहना है कि एसईसीएल में चल रहे हाइवा इतनी तेज गति से चलती है मानो उनके बीच प्रतिस्पर्धा चल रहा हो। सभी आगे जाने के लिए आतुर रहते है जिसका खामियाजा राहगीरों को भुगतना पड़ता है।

### कैप व बैज पहना कर अतिथियों का किया गया सम्मान

# डीएवी में दो दिवसीय राष्ट्रीय खेलकूद प्रतियोगिता क्लस्टर का हुआ शुभारंभ



प्रतियोगिता का शुभारंभ करते मुख्य अतिथि।


प्रतियोगिता में प्रदर्शन करते बच्चे।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

नगर के डीएवी पब्लिक स्कूल में छत्तीसगढ़ जोन के क्षेत्रीय अधिकारी प्रशांत कुमार के मार्गदर्शन एवं राष्ट्रीय खेलकूद प्रतियोगिता क्लस्टर के वेन्यू इंचार्ज व प्राचार्य एचके पाठक के नेतृत्व में दो दिवसीय डीएवी राष्ट्रीय खेलकूद प्रतियोगिता क्लस्टर का शुभारंभ शुक्रवार की सुबह 10 बजे हुआ। इसमें जशपुर, एमसीबी, सूरजपुर एवं बलरामपुर जिलों से 4 डीएवी पब्लिक स्कूलों बिश्रामपुर, भटगांव, पांडवपारा व चिरमिरी एवं 7 डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूलों तिलसिवा, कनकनगर, जमड़ी, भंवरमाल, कांसाबेल, बगीचा व पतरातू के 168 प्रतिभागी छात्र व 53 प्रतिभागी छात्राओं, एस्कॉट टीचर्स व ऑफिसियल सहित 260 प्रतिभागी, एस्कॉट टीचर्स एवं ऑफिशियल सम्मिलित हुए।

**खास बात**

- जोन स्तरीय आयोजन में बड़ी संख्या में बच्चे शामिल

प्रतियोगिता में प्रतिभागी पूरे उत्साह के साथ दौड़, तवा फेंक, गोला फेंक, लंबीकूद, ऊंचीकूद, स्केटिंग, जूडो ताइक्वाण्डो आदि विविध स्पर्धाओं में भाग ले रहे हैं। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय महाप्रबंधक डॉ संजय सिंह समेत अन्य अतिथि क्षेत्रीय सुरक्षा अधिकारी अमरेंद्र नारायण सिंह, विविध श्रमिक संघों के मेंबर्स को प्राचार्य एचके पाठक एवं वरिष्ठ अध्यापक अध्यापिकाओ द्वारा सैंपलिंग भेंटकर एवं कैप व बैज पहनाकर उनका स्वागत किया गया।अतिथियों के सम्मान में संगीत शिक्षक नासिर खान एवं मनीष शर्मा के निर्देशन में छात्र छात्राओं द्वारा स्वागत गान एवं खेल गीत प्रस्तुत किया गया,शुभारंभ डीएवी गान से किया गया,मुख्य अतिथि डॉ संजय सिंह द्वारा क्रीड़ा ध्वजारोहण कर मशाल प्रज्ज्वलित की गई।डीएवी बिश्रामपुर के स्कूल हेड बॉय शुभम मुदलियार द्वारा सभी प्रतिभागियों को खेल को खेल भावना के साथ खेलने की शपथ दिलाई गई।मुख्य अतिथि डॉ. संजय सिंह ने कहा कि डीएवी पब्लिक स्कूलों एवं डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूलों का संयुक्त रूप से संभागीय स्तर पर खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित करने का प्रयास निश्चित रूप से सराहनीय है,खेल मानव जीवन का अभिन्न अंग है।खेलों के द्वारा सद्भावना एवं सामंजस्य का विकास होता है, साथ ही जीवन अनुशासित भी होता है,शिक्षा के साथ-साथ खेल को भी प्राथमिकता दी जानी चाहिए। प्रतियोगिता के वेन्यू इंचार्ज प्राचार्य एचके पाठक ने कहा कि इस प्रतियोगिता को आयोजित करने का उद्देश्य बच्चों का सर्वांगीण विकास करना है। खेल मनुष्य को जीवन संघर्ष हेतु मजबूत बनाता है।समूह कार्य से हमें बड़ी कामयाबी मिलती है। खिलाड़ियों को खेल में हार-जीत को समान भाव से स्वीकार करते हुए खेल भावना का परिचय देना चाहिए।

### प्रथम दिन इन खिलाड़ियों ने विभिन्न खेल स्पर्धा में हासिल की जीत

खेल प्रतियोगिता के प्रथम दिवस में आयोजित विभिन्न स्पर्धाओं में 14 वर्ष आयु के अंतर्गत बालक वर्ग 100 मीटर दौड़ में प्रिंस सोनी डीएवी मुख्यमंत्री बगीचा ने प्रथम,लक्ष्य डीएवी पांडवपारा ने दूसरा स्थान,17 वर्ष आयु अंतर्गत बालक वर्ग 100 मीटर दौड़ में अनुश सिंह, डीएवी पांडवपारा ने प्रथम,आवेश आरिफ डीएवी चिरमिरी ने द्वितीय स्थान,19 वर्ष आयु अंतर्गत बालक वर्ग 100 मीटर दौड़ में आदित्य नारायण सिंह डीएवी भटगांव ने प्रथम,सार्थक दास डीएवी बिश्रामपुर ने दूसरा स्थान,14 वर्ष आयु अंतर्गत बालक वर्ग 800 मीटर दौड़ में आरुष सिंह डीएवी बिश्रामपुर ने प्रथम,मुकेश राजवाड़े डीएवी भटगांव ने द्वितीय,17 वर्ष आयु अंतर्गत बालक वर्ग 800 मीटर दौड़ में सूर्यदीप डीएवी भटगांव ने प्रथम, अग्रवीर शर्मा डीएवी बिश्रामपुर ने द्वितीय तथा 19 वर्ष आयु अंतर्गत बालक वर्ग 800 मीटर दौड़ में श्रीराम यादव डीएवी मुख्यमंत्री बगीचा ने प्रथम, सिद्धार्थ कुमार जायसवाल डीएवी भटगांव ने द्वितीय,14 वर्ष बालक वर्ग गोला फेक में शाहिद रजा भटगांव से प्रथम, शौर्य प्रताप यादव बिश्रामपुर ने द्वितीय,17 वर्ष बालक वर्ग गोला फेक में शिवांश सिंह राही बिश्रामपुर ने प्रथम,अक्षत शर्मा पतरातू ने द्वितीय तथा 19 वर्ष बालक वर्ग गोला फेक में निश्चय कुमार सागर बिश्रामपुर ने प्रथम, आकाश गुप्ता बगीचा ने द्वितीय स्थान हासिल किया, इसी प्रकार 14 वर्ष आयु अंतर्गत बालिका ताइक्वांडो 32 से 35 किलोग्राम वर्ग में प्रकृति चिरमिरी ने प्रथम,श्रेया राजवाड़े, पांडवपारा ने द्वितीय,17 वर्ष आयु अंतर्गत बालिका ताइक्वांडो 42 से 44 किलोग्राम वर्ग में पुष्पांजलि बिश्रामपुर प्रथम, आरजू खान चिरमिरी ने द्वितीय स्थान, 17 वर्ष आयु अंतर्गत बालिका ताइक्वांडो 46 से 49 किलोग्राम वर्ग में सौम्या शर्मा बिश्रामपुर ने प्रथम, सुप्रिया,पांडवपारा द्वितीय स्थान तथा 19 वर्ष आयु अंतर्गत बालिका ताइक्वांडो 68 से अधिक किलोग्राम वर्ग में ऋषिका पांडवपारा प्रथम, के सौम्या रेड्डी, चिरमिरी ने द्वितीय स्थान अर्जित किया।14 वर्ष आयु अंतर्गत बालक ताइक्वांडो 38 से 41 किलोग्राम वर्ग में ऐश्वर्य देवांगन बिश्रामपुर ने प्रथम,ओमकुमार जोल्हे चिरमिरी द्वितीय,14 वर्ष आयु अंतर्गत बालक ताइक्वांडो 41 से अधिक किलोग्राम वर्ग में उत्तम प्रसाद बिश्रामपुर प्रथम,प्रांजल गुप्ता पांडवपारा द्वितीय स्थान हासिल किया।

14 वर्ष आयु अंतर्गत बालक जूडो 40 किलोग्राम वर्ग में प्रांजल सिंह बिश्रामपुर प्रथम,आश्विन बंजारे चिरमिरी द्वितीय स्थान,14 वर्ष आयु अंतर्गत बालक जूडो 50 किलोग्राम वर्ग में आर्यन कुमार नायक बिश्रामपुर प्रथम,के गौतम रेड्डी चिरमिरी ने द्वितीय स्थान,14 वर्ष आयु अंतर्गत बालक जूडो 50 से अधिक किलोग्राम वर्ग में यश सोनी चिरमिरी प्रथम,आयुष कुमार बिश्रामपुर ने द्वितीय स्थान,14 वर्ष आयु अंतर्गत बालिका जूडो 32 से 40 किलोग्राम वर्ग में रोमा सिंह बिश्रामपुर प्रथम, अर्पिता चिरमिरी ने द्वितीय स्थान,14 वर्ष आयु अंतर्गत बालिका जूडो 50 किलोग्राम वर्ग में आराध्या यादव बिश्रामपुर प्रथम,सृष्टि सेन चिरमिरी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।कार्यक्रम का सफल मंच संचालन वरिष्ठ अध्यापिक एलके दास एवं शोभा नामदेव ने किया।



## नशे से बचाव के लिए पुलिस ने चलाया नवजीवन महाअभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर के निर्देशन में जिले को नशा मुक्त बनाने अभियान नवजीवन मुहिम में पुलिस का कदम से कदम मिलाकर नागरिक और स्कूली बच्चे साथ दे रहे है। नशा न करने का मजबूत संदेश से समाज को अवगत करा रहे है। पुलिस अधिकारियों ने नागरिकों एवं स्कूली बच्चों से कहा कि केवल पुलिस की सख्त कार्रवाई से नशा को समाप्त नहीं किया जा सकता इसके लिए सभी को मिलकर काम करना होगा। समाज को जागरूकत करना होगा ताकि नशे की कुरीति से बच सके।

कोतवारी पुलिस द्वारा बालक हाईस्कूल, थाना जयनगर ने हाईस्कूल जयनगर, थाना विश्रामपुर ने हाईस्कूल रामनगर, चौकी खड़गवां ने हायर सेकेण्डरी स्कूल, थाना झिलमिली ने हाईस्कूल दवना, चौकी चेन्द्रा ने हाईस्कूल चन्द्रमेढ़ा, थाना प्रेमनगर ने स्वामी आत्मानंद स्कूल प्रेमनगर, चौकी तारा ने हाईस्कूल तारा, चौकी मोहरसोप द्वारा हाईस्कूल मोहरसोप, थाना ओड़गी ने हाईस्कूल ओड़गी, चौकी बसदेई ने जवाहर नवोदय विद्यालय, चौकी रेवटी ने हाईस्कूल गोविन्दपुर, चौकी सलका ने स्वामी आत्मानंद स्कूल, चौकी करंजी ने प्राथमिक शाला दतिमा, चौकी खड़गवां ने हाईस्कूल पंपापुर सहित अन्य थाना-चौकी द्वारा स्कूलों में नशे से बचाव की जानकारी देते हुए नवजीवन अभियान का मानव श्रृखंला बनवाकर, नशा न करने और न करने देने की शपथ दिलाई। साथ ही जागरूकता रैली निकाल कर, नशे से बचाव संबंधी जागरूकता विडियों दिखाकर, नुक्कड़-नाटक के माध्यम से नशे के प्रति जागरूक किया गया।पुलिस ने जागरूकता अभियान के दौरान बताया कि नशा करने वाला व्यक्ति अपने शरीर व स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ करता है। नशा से शरीर खोखला बन जाता है और वह अस्पताल के चक्कर लगाकर परेशान होता है।

## किसानों का करोड़ों का भुगतान बाकी, नहीं चुकाया तो होगी कारखाने में तालाबंदी : आयाम

**प्रतापपुर।** मां महामाया शक्कर कारखाना केरता में गन्ना किसानों का करोड़ों रुपये का भुगतान अब तक लंबित है, जिससे किसानों को भारी आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है। इस मामले को लेकर जिला पंचायत सदस्य सुरेश आयाम ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर बकाया भुगतान नहीं किए जाने पर आंदोलन करने की चेतावनी दी है। सौंपे गए ज्ञापन में जिपं सदस्य सुरेश आयाम ने बताया कि उनकी लगातार मांग पर कुछ माह पूर्व आंशिक भुगतान किया गया था, लेकिन इसके बाद से किसानों को उनका बकाया नहीं मिल रहा है। इससे खेती-किसानी प्रभावित हो रही है और गन्ना का भुगतान नहीं होने से किसानों को आर्थिक तंगी का सामना करना पड़ रहा है। जिपं सदस्य ने चेतावनी दी है कि यदि तीन दिन के भीतर किसानों को गन्ना के संपूर्ण बकाया भुगतान नहीं किया गया तो रविवार, को सैकड़ों पीड़ित किसानों के साथ केरता शक्कर कारखाने में तालाबंदी की जाएगी।

- कलेक्टर को ज्ञापन सौंप दी आंदोलन की चेतावनी



**खबर संक्षेप**

## भाजपा प्रदेश महामंत्री सोनी के प्रथम आगमन पर स्वागत आज



अम्बिकापुर। भाजपा के नवनियुक्त प्रदेश महामंत्री अखिलेश सोनी के शनिवार को प्रथम आगमन पर संगठन द्वारा उनका भव्य स्वागत किया जाएगा। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार श्री सोनी दोपहर 1.30 बजे उदयपुर पहुंचेगे। इस दौरान नवापारा, लखनपुर, मेन्ड्रा, अंबिकापुर के विभिन्न चौक-चौराहों पर कार्यकर्ताओं द्वारा उनका भव्य स्वागत किया जाएगा। वे भाजपा कार्यालय में शाम 5 बजे पहुंचेगें जहां उनका स्वागत किया जाएगा। भाजपा द्वारा शनिवार को उदयपुर 1.30 बजे नवापारा में 1.45 बजे मेंड्रा में 2.30 बजे, बिलासपुर चौक पर 3 बजे, जय स्तंभ चौक 3.15, महामाया चौक 3.30, संगम चौक 3.45, देव होटल 4 बजे, घड़ी चौक 4.15 एवं भाजपा कार्यालय में शाम 5 बजे स्वागत करने का समय निर्धारित किया गया है। जिलाध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया ने जिले के सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से स्वागत स्थलों पर उपस्थित होने कहा है।

## कलेक्टर से मिला वरिष्ठ नागरिक संघ का प्रतिनिधि मण्डल

**सूरजपुर।** वरिष्ठ नागरिक संघ का प्रतिनिधि मण्डल कलेक्टर से मिलकर संघ के कार्यालय तथा बापू की कुटिया में हुई चोरी के संबंध में अवगत कराया। संघ के संयोजक लालचंद अग्रवाल एवं अध्यक्ष अनिल गोयल ने कलेक्टर को बताया कि गत दिनों वरिष्ठ नागरिक संघ के कार्यालय में दो बार चोरी हुई थी और इस संबंध में थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई जा चुकी थी किन्तु चोर आज तक पकड़ में नहीं आए। इसके अलावा बापू की कुटिया में दो बार हुई चोरी के संबंध में कलेक्टर जानकारी देकर अवगत कराया। साथ ही कलेक्टर से विस्तृत चर्चा कर बापू की कुटिया में एक चौकीदार की व्यवस्था एवं सीसीटीवी कैमरा लगवाने की मांग की। जिस पर कलेक्टर ने बापू की कुटिया में चौकीदार की व्यवस्था करने तथा सीसी टी व्ही कैमरा लगवाने का आश्वासन दिया। इस दौरान संरक्षक हरिदास अग्रवाल, आरएस मिश्रा, सचिव मोती लाल गुप्ता उपस्थित थे।

## एनएच की जर्जर सड़क पर पलटा ई रिक्शा



**राजपुर।** एनएच 343 पर बने गड्ढे आए दिन दुर्घटना का कारण बन रहे है। शुक्रवार को फिर से गड्ढे को भरने के लिए डाले गए बड़े बड़े बोल्डर के कारण एक ई रिक्शा पलट गई। इस दौरान रिक्शा सवार लोगो को मामूली चोट आई है। इन घटनाओं को लेकर लोगों में रोष का माहौल है। बता दें कि राष्ट्रीय राजमार्ग 343 पर सड़क जर्जर हो चुकी है। सड़क पर बने गड्ढों के कारण आए दिन लोग दुर्घटना के शिकार हो रहे है। भारी वाहनों के आवागमन के कारण बने गड्ढों को भरने के लिए ठेकेदार द्वारा बड़े बड़े बोल्डर डाल दिए गये है जिससे लोगों की परेशानी और भी बढ़ गई है। शुक्रवार को भी एनएच की जर्जर सड़क के कारण एक हादसा हो गया जिसमें लोग बाल बाल बच गये। गड्ढों के कारण यात्रियों से भरी ई रिक्शा बीच सड़क पर पलट गई। ग्रामीण खाद लेकर गांव जा रहे थे। दुर्घटना के बाद ग्रामीण घायल हो गये जबकि बीज भीग गया। स्थानीय लोगों की मदद से ग्रामीण को उठाया गया। इस संबंध में पार्षद राजन त्रिपाठी ने बताया कि जर्जर सडक के कारण लोग दुर्घटना के शिकार हो रहे है लेकिन विभाग और ठेकेदार द्वारा समस्याओं पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। इस संबंध में एनएच के एसडीओ निखिल लकड़ा ने बताया कि बारिश के कारण सडक के गड्ढों को भरने का काम नहीं हो पा रहा है। बारिश के बाद सड़क मरम्मत का कार्य किया जाएगा। ठेकदार को निर्देश दिए गये है।

**पेज 1 के शेष...**

## सरगुजा में चल रहा लोगों को...

कमीशन भी देते है। अब इस मामले को गंभीरता से लेते हुए संयुक्त संचालक स्वास्थ्य सेवाएं ने अस्पताल प्रबंधन को को नोटिस जारी किया है और इसके साथ ही सीएमएचओ को इस मामले की जांच के निर्देश दिए है। आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के जरिए 50 हजार रुपए से लेकर 5 लाख रुपए तक के उपचार की सुविधा उपलब्ध है। इस आयुष्मान कार्ड का उपयोग कर गरीब और जरूरतमंद लोग अपना बेहतर उपचार करा लेते है लेकिन निजी अस्पताल के संचालकों ने अब आयुष्मान कार्ड के जरिए अवैध कमाई का नया खेल शुरू कर दिया है। अस्पताल में फर्जी तरीके से मरीजों को गंभीर बीमारी के नाम पर भर्ती किया जा रहा है और उनके आयुष्मान खाते से राशि आहरित की जा रही है। इस काम के लिए निजी अस्पतालों के एजेंट गांव गांव में सक्रिय है। ऐसे ही एक मामले का खुलासा शुक्रवार को हुआ है। शहर के बनारस रोड स्थित गोयल हॉस्पिटल में इसी तरीके से पूरे फर्जीवाड़े को वर्षों से अंजाम दिया जा रहा है। इस अस्पताल में एजेंटों के जरिए गांव गांव से ऐसे भोले भाले लोगों को लाया जाता है जिनके पास आयुष्मान कार्ड है। उन्हें यह झांसा दिया जाता है कि आयुष्मान कार्ड के आपको दो बार में एक-एक हजार रुपए मिलेंगे और लोग अस्पताल व उनके एजेंटों के झांसे में भी आ जाते है।

# बेबदी में डायरिया से एक महिला की मौत, दो गंभीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ वाड्रफनगर

बलंगी क्षेत्र में डायरिया से एक महिला की मौत हो गई इसके साथ ही परिवार के दो सदस्यों की हालत गंभीर है। महिला को उल्टी-दस्त की शिकायत पर उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था। इस घटना के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। घटना की सूचना मिलने के बाद सीएमएचओ, बीएमओ प्रभावित गांव पहुंचे। इसके साथ ही स्वास्थ्य विभाग की टीम गांव में कैंप लगाने के निर्देश दिए गये है।

बताया जा रहा है कि जिले के बलंगी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बेबदी निवासी 35 वर्षीया लीलावती पति सूरज लाल को 21 अगस्त को अचानक उल्टी दस्त की शिकायत शुरू हुई थी। लगातार उल्टी दस्त व हाथ पैर में खिचाव के कारण महिला को देर रात पीएचसी बलंगी से सिविल हॉस्पिटल वाड्रफनगर में भर्ती कराया गया था जहां चिकित्सकों द्वारा महिला का उपचार किया जा रहा था लेकिन शुक्रवार की सुबह 7 बजे महिला की उपचार के दौरान मौत हो गई। इसके साथ ही परिवार की 36 वर्षीया जुगमनिया पति रामलाल व 28 वर्षीया बिफिया पति राम शरण को भी उल्टी दस्त की शिकायत पर सिविल हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। वहीं एहतियातन परिवार के अन्य सदस्यों को भी पीएचसी बंगली में एडमिट करने के निर्देश दिए गये है। बताया जा रहा है कि गांव में सिर्फ एक ही परिवार में डायरिया की शिकायत है। ऐसे में फिलहाल डायरिया के कारणों का पता नहीं चल पाया है लेकिन दूषित भोजन पानी के कारण डायरिया होने की बात कही जा रही है। परिवार के सदस्य 15 अगस्त के आस पास से बारी-बारी बीमार पड़ रहे थे। घटना की सूचना मिलने के बाद सीएमएचओ डॉ. बसंत सिंह भी प्रभावित गांव पहुंचे और मृतक के परिजन से मुलाकत की। उन्होंने परिवार के सदस्यों को ताजा भोजन करने और पानी उबालकर पीने की सलाह दी। इसके साथ ही उन्होंने एहतियातन गांव में कैंप लगाने के निर्देश है।

**एक ही परिवार के लोग हुए प्रभावित, सीएमएचओ पहुंचे प्रभावित गांव**



**चल रहा है उपचार**

घटना की सूचना मिलने के बाद प्रभावित गांव का दौरा किया गया है। एक महिला की मौत हुई है। इसके साथ ही दो अन्य लोगों को उल्टी दस्त की शिकायत पर भर्ती कराया गया है। गांव में कोई दूसरा परिवार डायरिया से प्रभावित नहीं मिला है फिर भी एहतियातन कैंप लगाने के निर्देश दिए गये है।

-डॉ. बसंत सिंह
सीएमएचओ

### नियमितीकरण सहित अन्य मांगों को लेकर जारी है अनिश्चितकालीन हड़ताल

# अनोखा प्रदर्शन: एनएचएम कर्मियों ने कोटरा लेकर मांगी भीख



हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

अपनी मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठे एनएचएम के कर्मचारियों ने शुक्रवार को अनोखा प्रदर्शन किया। एनएचएम के चि कि त सा , नर्सिंग स्टाफ व अन्य कर्मचारी हाथ में कोटरा लेकर सड़क पर निकले और भीख मांगा। संघ ने शहर के दुकानों, ठेले गुमटियों से भीख मांगकर अपना विरोध जताया। इतना ही नहीं कर्मचारी इस राशि को शासन के कोष में जमा कराएंगे ताकि शासन उन्हें नियमितीकरण का उपहार प्रदान करे।

**खास बात**

- हड़ताल से ठप है पीएचसी, सीएचसी में स्वास्थ्य सुविधाएं

दरअसल संविलियन एवं स्थायीकरण, पब्लिक हेल्थ कैडर की स्थापना, योग्यता एवं कार्य अनुभव के अनुसार समान कार्य के लिए समान वेतन की नीति लागू कर ग्रेड पे निर्धारण, लंबित 27 प्रतिशत वेतन वृद्धि सहित अन्य मांगों को लेकर 18 अगस्त से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर है। प्रदेश के साथ ही सरगुजा में भी एनएचएम के 650 से अधिक चिकित्सक, स्टाफ नर्स, डाटा एंट्री ऑपरेटर, लैब टेक्नीशियन, फार्मासिस्ट, मनोरोग विशेषज्ञ, फिजियोथेरेपिस्ट सहित अन्य संविदाकर्मी हड़ताल पर चल रहे है। इस हड़ताल के कारण पीएचसी, सीएचसी, उप स्वास्थ्य केन्द्रों, मोहल्ला क्लिनिक में काम काज ठप हो गया है। इसके साथ ही इस बार बच्चों के उपचार की सुविधा एसएनसीयू भी इस हड़ताल में प्रभावित हुई है। अनिश्चितकालीन हड़ताल के बाद भी अब तक शासन की ओर से कोई पहल नहीं की है। ऐसे में एनएचएम के कर्मचारियों ने शुक्रवार को अनोखा प्रदर्शन किया। प्रदर्शन कारी एसबीआई कलेक्टोरेट ब्रांच के सामने स्थित धरना स्थल से हाथों में कटोरा लेकर भीख मांगने निकले। कर्मचारियों ने शहर के दुकानों, ठेले-गुमटियों और राह चलते लोगों से भीख मांगा और उन्हें अपनी समस्याओं से अवगत कराया। लोगों ने भी एनएचएम के कर्मचारियों को भिक्षा दी। इस दौरान संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि वे लगातार अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन कर रहे है। पूर्व में मिले वर्षों के आश्वासन के बाद भी कोई मांग पूरी नहीं हुई। इतना ही नहीं हड़ताल पर अब तक सरकार से कोई उनसे मिलने नहीं आया। ऐसे में उन्होंने भीख मांगकर जनता को अपनी समस्याओं से अवगत कराने का निर्णय लिया। इसके साथ ही भीख में मिली राशि को कर्मचारियों द्वारा शासन के कोष में जमा कराया जाएगा ताकि शासन उन्हें उसी राशि का उपयोग कर उपहार में नियमितीकरण प्रदान करे। कर्मचारियों का कहना है कि जब तक उनकी मांगे पूरी नहीं होती है शासन प्रदर्शन और हड़ताल जारी रहेगा।

## अधिकारी-कर्मचारी फेडरेशन की हड़ताल से शासकीय कार्यालयों में पसरा सन्नाटा

केंद्र के समान महंगाई भत्ता समेत 11 सूत्रीय मांगों को लेकर शासकीय अधिकारी-कर्मचारी शुक्रवार को हड़ताल पर रहे। शासकीय कर्मियों ने एक दिन का सामूहिक अवकाश लिया और अपनी मांगों के समर्थन में धरना प्रदर्शन किया। इस हड़ताल से शासकीय कार्यालयों में काम काज प्रभावित रहा और ज्यादातर कार्यालयों में ताले लटके रहे। इसके साथ ही इस हड़ताल में चिकित्सक भी शामिल हुए जिससे अस्पतालों में स्वास्थ्य सुविधाएं भी प्रभावित हुई। हड़ताल के बाद रैली निकालकर कलेक्टर के माध्यम से मुख्य मंत्री को ज्ञापन सौंपा गया।

बता दें कि शुक्रवार को अधिकारी-कर्मचारी फेडरेशन के बैनर तले प्रदेशभर के साथ ही सरगुजा में शासकीय अधिकारी कर्मचारी हड़ताल पर रहे। इस हड़ताल के तहत कर्मचारियों, अधिकारियों ने गांधी चौक के समीप धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान फेडरेशन के कमलेश सोनी, डॉ. सीके मिश्रा सहित अन्य ने बताया कि फेडरेशन द्वारा वर्षों से महंगाई भत्ता समेत अन्य मांगों को लेकर प्रदर्शन किए जा रहे है। पिछली सरकार में हमें आश्वासन मिला लेकिन वादा पूरा नहीं हुआ। चुनाव के दौरान वर्तमान की सरकार ने भी मोदी की गारंटी के तहत सभी मांगों को पूर्ण करने का आश्वासन दिया था अब तक मांगों पर कोई विचार नहीं किया गया। उन्होंने बताया कि वर्ष 2019 से महंगाई भत्ता को रोक कर रखा गया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के कर्मचारियों एवं पेंशनरों को केंद्र के सामान देय तिथि से महंगाई भत्ता, महंगाई राहत दिया जाए। इसके साथ ही वर्ष 2019 से लंबित डीए एरियर्स की राशि कर्मचारियों के जीपीएफ खाते में समायोजित की जाए। प्रदेश के लिपिकों, शिक्षकों, स्वास्थ्य विभाग, महिला बाल विकास विभाग सहित विभिन्न संवर्गों की वेतन विसंगतियों को दूर करने पिंगुआ कमेटी की रिपोर्ट सार्वजनिक की जाए। प्रदेश में चार स्तरीय पदोन्नत समयमान वेतनमान कमशः 8,16, 24, 32 वर्ष में दिया जाए। सहायक शिक्षकों एवं सहायक पशु चिकित्सा अधिकारियों को त्रिस्तरीय समयमान वेतनमान दिया जाए। नगरीय निकाय के कर्मचारियों को नियमित मासिक वेतन एवं समयबद्ध पदोन्नति दिया जाय। प्रदेश में अन्य भाजपा शासित राज्यों की भांति प्रदेश में कैशलेस सुविधा लागू की जाए। प्रदेश में अनुकंपा नियुक्ति निःशर्त लागू करने स्थायी आदेश जारी किया जाए। प्रदेश में कार्यरत कार्याधारित, दैनिक वेतन भोगी, अनियमित, संविदा कर्मचारियों का नियमितीकरण करते हुए नियमित पदस्थापना में नियुक्त किया जाए। अपनी मांगों को लेकर दिनभर चले धरना प्रदर्शन के बाद फेडरेशन ने रैली निकाली और कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर सीएम के नाम 11 सूत्रीय मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा है। इस दौरान अखिलेश सोनी, संजय सिंह, अमित वर्मा, नवीन केसरी, सीएम मिश्रा, उमेश कुशवाहा, हरिशंकर सिंह, अलोक, आनंद यादव, दुर्गेश सिन्हा सहित अन्य मौजूद थे।

**दिनभर परेशान रहे लोग-** फेडरेशन की इस हड़ताल में लगभग 30 संगठन के अधिकारी कर्मचारी शामिल हुए। ऐसे में शासकीय कार्यालयों में दिनभर काम काज प्रभावित रहा। कार्यालयों में दिन भर सन्नाटा पसरा रहा जबकि कई कार्यालयों में तो ताले भी लटके हुए थे। ऐसे में दिन में अपने कार्यों के लिए कार्यालय पहुंचे लोगों को निराश होकर वापस लौटना पड़ा। वहीं इस हड़ताल में स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सक, नर्स, कर्मचारी भी शामिल हुए। जिले के लगभग 416 स्वास्थ्य कर्मी शुकवार को हड़ताल पर रहे जिससे स्वास्थ्य सुविधाएं भी प्रभावित हुई।






## फेडरेशन ने निकाली रैली

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन ने छत्तीसगढ़ में मोदी की गारंटी लागू करने के संबंध में धरना प्रदर्शन कर रैली निकाल मुख्यमंत्री व मुख्य सचिव के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के आव्हान पर आज प्रदेशभर में एकजुट होकर सभी कर्मचारी-अधिकारी अपनी 11 सूत्रीय मांगों को लेकर प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन केंद्र सरकार की गारंटी के अनुरूप सुविधाएं लागू करने और राज्य सरकार से लंबित मांगों के जल्द निराकरण की मांग को लेकर किया गया। प्रदेश के विभिन्न संगठनों ने भी फेडरेशन के आंदोलन को पूर्ण समर्थन कर आंदोलन में शामिल हुए।

- मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव के नाम कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

फेडरेशन के जिला संयोजक डॉ. आरएस सिंह ने बताया कि यह प्रदर्शन पूर्णतः शांतिपूर्ण व लोकतांत्रिक ढंग से आयोजित किया गया। धरना प्रदर्शन में कर्मचारी अधिकारी का जनसैलाब आना इस बात का सबूत है कि शासन के प्रति सभी में आक्रोश व्याप्त है। जिले के सुदूर अंचलों से सभी कर्मचारी-अधिकारी की उपस्थिति निश्चित तौर पर शासन को सोचने पर मजबूर कर देगी कि ज्यादा समय तक कर्मचारी अधिकारियों की उपेक्षा नहीं की जा सकती है। फेडरेशन के सभी संगठनों, पदाधिकारियों व कर्मचारियों ने इस आंदोलन में भाग लेकर अपने कार्यक्रम को सफल बनाया। फेडरेशन की 11 सूत्रीय मांग हैं कि केंद्र सरकार के समान कर्मचारियों एवं पेंशनरों को देय तिथि से महंगाई भत्ता लागू करने, एरियर्स की राशि कर्मचारियों के जीपीएफ खाते में समायोजित की जाए। सभी कर्मचारियों को चार स्तरीय समयमान वेतनमान दिया जाए। लिपिकों, शिक्षकों, स्वास्थ्य विभाग, महिला बाल विकास विभाग सहित विभिन्न संवर्गों की वेतन विसंगतियों को दूर करने पिंगुआ कमेटी की रिपोर्ट सार्वजनिक किया जाए सहित अन्य मांग शामिल है। मांगों के निराकरण के लिए सरकार को पुनः ध्यानाकर्षण कराया गया है, यदि जल्द ही इस पर विचार नहीं किया गया तो आगामी समय में पूरे प्रदेश में तालाबंदी कर वृहद आंदोलन किया जाएगा।

जिला महासचिव इकबाल अंसारी ने कर्मचारियों की एकजुटता की सराहना की तथा आगे भी इसी तरह की एकजुटता बनाए रखने की बात कही। इस दौरान श्रीमती प्रतिमा सिंह, सचिन त्रिपाठी, श्रीमती ज्योति साधना श्रीवास्तव, आदित्य शर्मा, अनुरंजन देव, निर्मल भट्टाचार्य, विजय साहू, मनीष दीपक साहू, महेश पैकरा, गोपाल विश्वकर्मा, आदेश रवि, रमेश राजवाड़े, राधेश्याम साहू, राजकुमार सिंह, कमलेश यादव, प्रदीप सिंह, सतीश प्रताप सिंह सहित बड़ी संख्या में कर्मचारी अधिकारी उपस्थित थे।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

## डॉ. सोनी को मिला बेस्ट आरटीआई, पीआईएल एक्टिविस्ट का अवार्ड



**अंबिकापुर।** आरटीआई कार्यकर्ता और अधिवक्ता डॉ. डीके सोनी को नेल्सन मंडेला से सम्मानित किया गया है। इंदौर में आयोजित नेल्सन मंडेला ग्लोबल ब्रिलियंट 2025 में लेफ्टिनेंट जनरल बीएस सिसोदिया, एयर मार्शल शशिखेर चौधरी तथा पद्मश्री डॉ सतेंद्र सिंह लोहिया के हाथों डॉ. डीके सोनी को बेस्ट आरटीआई, पीआईएल एक्टिविस्ट का अवार्ड दिया गया । बता दे कि सामाजिक कार्यकर्ता और अधिवक्ता डॉ डीके सोनी द्वारा हमेशा न्याय में देरी, भ्रष्टाचार एवं विभिन्न क्षेत्रों में समाज सेवा हेतु अनेक उत्कृष्ट कार्य किए जाते रहे हैं। इसी कड़ी में ग्रो भारत फाउंडेशन के चयन समिति द्वारा भारत के विभिन्न क्षेत्रों में सामाजिक एवं कानूनी स्तर पर उत्कृष्ठ कार्य करने वालों का नॉमिनेशन मंगाया गया और उसके बाद चयन किया गया जिसमें सरगुजा एवं सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ राज्य में आरटीआई एवं पीआईएल एवं अन्य कानून के माध्यम से लगातार सामाजिक स्तर पर उत्कृष्ठ कार्य करने के लिए अंबिकापुर के अधिवक्ता एवं आरटीआई कार्यकर्ता डॉ डीके सोनी को भारत के अन्य राज्यों तथा नेपाल से आए सामाजिक कार्यकर्ताओं और अधिवक्ताओं के समक्ष इंदौर में 17 अगस्त को लेफ्टिनेंट जनरल बीएस सिसोदिया, एयर मार्शल शशिखेर चौधरी तथा पद्मश्री डॉ. सतेंद्र सिंह लोहिया के हाथों बेस्ट आरटीआई, पीआईएल एक्टिविस्ट ऑफ द ईयर का अवार्ड दिया गया। इसके साथ ही डॉ. सोनी ने अपने कार्यों की जानकारी मंच के माध्यम से साझा की। अधिवक्ता डॉ. डीके सोनी को उक्त अवार्ड मिलने से उनके शुभचिंतकों सहित अधिवक्ताओं में हर्ष का माहौल है।

# खदान में दो सुरक्षाकर्मियों पर हमला





**बिश्रामपुर।** एसईसीएल बिश्रामपुर के खदान क्षेत्रों में कबाड़ व केबल चोर गिरोह एक बार फिर से सक्रिय होकर आतंक फैला रहा है।घटना गुरुवार 21 अगस्त की मध्य रात्रि की बताई गई है,कुमदा रेलवे साइडिंग में ड्यूटी कर रहे दो सुरक्षा कर्मी जुगेश्वर और कन्नी लाल की लोहे की रॉड से पिटाई कर साइडिंग में लगा बीस मीटर से अधिक लाइटिंग केबल काट कर ले गए।मारपीट की घटना मध्य रात्रि करीब सवा दो बजे के आसपास की बताई गई है।लोहे की रॉड से मारपीट में जुगेशवर का पैर फैक्चर हो गया है एवं सब्बल से हमले में कन्नीलाल को सीने में चोटें आई है, दोनों आहतों को इलाज के लिए केंद्रीय चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है।बताया गया कि गत सप्ताह 7-8 खदान के बूम बैरियर में लगे एसी को भी अज्ञात चोरों ने मध्यरात्रि में पार कर दिया था जिसकी रिपोर्ट भी पुलिस में दी गई है, साथ ही बूम बैरियर में लगे सीसी टीवी फुटेज भी खदान प्रबंधन ने पुलिस को उपलब्ध कराया है जिसमें दो चोर वारदात को अंजाम देते कैमरे में दिख रहे हैं।खदान क्षेत्रों में कबाड़ और केबल चोरों के बढ़े हौसले से अब सुरक्षा कर्मी खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे है।घटना के दौरान चोरों द्वारा सुरक्षा कर्मियों की रेकी करने की भी जानकारी सामने आई है।बीती रात त्रिपुरा बटालियन की पेट्रोलिंग पार्टी कुमदा में मौजूद थी,जैसे ही गश्त पार्टी बिश्रामपुर के लिए रवाना हुई वैसे ही चोरों ने कुम्दा साइडिंग में हमला बोल दिया और दोनों सुरक्षा कर्मी का पहले मोबाइल लुट लिया, फिर पिटाई कर घायल करते हुए केबल काटकर ले गए।चोरी किये गए केबल की कीमत 50 हजार के करीब आंकी गई है,गौरतलब है कि दिनांक 16 जुलाई को भी बलरामपुर खदान में इसी प्रकार से हुई कई लाख रुपये के केबल की चोरी की घटना हो चुकी है जिसमें भी आरोपियों का पता नहीं चल सका है,इसके अलावा बिश्रामपुर थाना क्षेत्र में पूर्व में हुए दर्जनों चोरी के मामले अब तक अनसुलझे हैं।

स्वामी जी-93406-38884

ज्योतिर्लिंग

By Train-रिजर्वेशन कोच

7 ज्योतिर्लिंग यात्रा

श्री द्वारिकाधीश, श्री भेंट द्वारिका, सोमनाथ, नागेश्वर, ओमकालेश्वर, महाकालेश्वर, भीमाशंकर, घृष्नेश्वर, ममलेश्वर, रूखमणि मंदिर, गोपी तालाब, त्रयम्बकेश्वर, शिरडी सांई बाबा, शनि सिंघ्नापुर, नाशिक, पंचवटी, हनुमान जन्म स्थल

यात्रा दिनांक
10 सितंबर 2025
29 अक्टूबर 2025
10 नवंबर 2025
10 दिसंबर 2025
11 दिन की यात्रा

राशिः स्लीपर-18501/- ऑफर 16,501/-, 3AC-28,501/-ऑफर 26,501/-

स्वामी तीर्थ यात्रा

संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा

91111-11866

Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)

online Booking:-www.tripuryatra.com

सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर

रिजर्वेशन कोच

रामेश्वरम् धाम यात्रा

09 सितंबर, 07 अक्टूबर, 11 नवम्बर, 23 दिसंबर 2025 (10 दिन)

श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी, त्रिवेन्द्रम (पद्मानाभ स्वामी)

राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)

Since-2007

श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति

RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road

संपर्क करें:-7354-411411